# समाचार

## स्वच्छता पखवाड़ा

## एन.टी.पी.सी. टाउनशीप में किया गया विशेष सफाई कार्य

## (जनप्रतिनिधियों, नागरिकों व अधिकारियों ने दी अपनी सहभागिता )



कोरबा 23 दिसम्बर 2015 –तृतीय चरण के स्वच्छता पखवाड़े के तहत आज दर्री जोनांतर्गत एन.टी.पी.सी. टाउनशीप में स्वच्छता अभियान संचालित किया गया। इस मौके पर जनप्रतिनिधियों, निगम के अधिकारियों एवं आमनागरिकों ने साफ–सफाई कार्यो में अपनी सहभागिता प्रदान की।

यहां उल्लेखनीय है कि शासन के दिशा निर्देशों के तहत कलेक्टर श्री पी.दयानंद के कुशल मार्गदर्शन में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत 16 नवम्बर 2015 से 31 मार्च 2016 तक कोरबा जिले के सभी नगरीय निकायों में पृथक–पृथक विषय केन्द्रित स्वच्छता पखवाडों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में 16 दिसम्बर से 31 दिसम्बर तक '' रेसीडेन्ट वेलफेयर एसोसिएशन '' विषय पर तीसरे चरण का स्वच्छता पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। जिले के अन्य नगरीय निकायों के साथ–साथ महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल एवं निगम आयुक्त श्री अजय कुमार अग्रवाल के दिशा निर्देशन में नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र में भी स्वच्छता पखवाड़े आयोजित किये जा रहे है। 16 दिसम्बर से प्रारंभ हुए तृतीय चरण के स्वच्छता पखवाड़े के तहत आज दर्री जोन के अंतर्गत आने वाले एन.टी. पी.सी. टाउनशीप में विशेष साफ–सफाई कार्य किया गया। इस अवसर पर वार्ड पार्षद श्रीमती पीलीदेवी सिदार, शातनु कुमार सिदार, सहायक अखिलेश शुक्ला, स्वच्छ भारत मिशन के नोडल अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, उप अभियंता यशवंत जोगी, स्वच्छता निरीक्षक निर्मल सिंह, सतानंद द्विवेदी, एम.एन. कुरैशी आदि के साथ निगम के अन्य अधिकारी कर्मचारियों एवं नागरिकों ने साफ–सफाई कार्यो में अपना सहयोग प्रदान किया।

**24 दिसम्बर को परिवहन नगर इंदिरा आवासीय क्षेत्र में चलेगा अभियान**– 24 दिसम्बर को परिवहन नगर इंदिरा आवासीय क्षेत्र में स्वच्छता अभियान संचालित किया जाएगा। निगम द्वारा उक्त क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि वे इस अभियान में अपनी सहभागिता प्रदान करें। इसी प्रकार 26 दिसम्बर को एस.ई.सी.एल.

कालोनी, 28 दिसम्बर को सी.एस.ई.बी. वेस्ट, 29 दिसम्बर को राजस्व विभाग कालोनी, 30 दिसम्बर को रविशंकर शुक्लनगर कपिलेश्वर महिला समिति एवं 31 दिसम्बर को सी.एस.ई.बी. वेस्ट में स्वच्छता अभियान संचालित किया जाएगा।